पत्रांक–01 / स्था0–01–43 / 2026...197

बिहार सरकार
खेल निदेशालय,
खेल विभाग

प्रेषक,

विवेक रंजन मैत्रेय, भा0प्र0से0,
निदेशक।

सेवा में,

उप निदेशक, शारीरिक शिक्षा,
पटना प्रमंडल, पटना।

पटना, दिनांक–09/10/2026

विषय :– श्री शत्रुध्न प्रसाद, कार्यालय परिचारी (सेवानिवृत), को अर्जित अवकाश के बदले समतुल्य नगद राशि की स्वीकृति के संबंध में।

प्रसंग :– आपका पत्रांक–35, दिनांक–22.04.2026.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा श्री शत्रुध्न प्रसाद, कार्यालय परिचारी, जो दिनांक–31.03.2024 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इनके 126 दिनों का अर्जित अवकाश के बदले समतुल्य नगद राशि की स्वीकृति हेतु अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी है।

श्री प्रसाद के सेवापुस्त के अवलोकन से उनकी सेवा संतुष्टि के संबंध तथ्य ज्ञात नहीं हो पा रहा है, जिससे की प्रसाद के अर्जित अवकाश के बदलें समतुल्य नकदीकरण की स्वीकृति प्रदान करने में कठिनाई है।

श्री प्रसाद का सेवानिवृत्ति के उपरांत नई पेंशन योजना के तहत पावनाओं की स्वीकृति हेतु निम्नवत् कागजात की आवश्यकता है:–

(i) अंतिम पदस्थापन कार्यालय का बकाया रहित प्रमाण–पत्र।
(ii) दीर्घकालिन अग्रिम यथा–गृह निर्माण अग्रिम, मोटरकार अग्रिम, विवाह एवं विविध अग्रिम का बकाया रहित प्रमाण–पत्र।
(iii) सेवा संपुष्ट किये जाने संबंधित प्रमाण–पत्र / अद्यतन स्थिति।
(iv) सरकारी आवास में आवासित रहने / नहीं रहने संबंध NOC.
(v) आरोप की स्थिति।
(vi) अंतिम वेतन प्रमाण–पत्र।

अतः निदेश है कि श्री प्रसाद, कार्यालय परिचारी (सेवानिवृत), को अर्जित अवकाश के बदले समतुल्य नगद राशि की स्वीकृत हेतु गणना विवरणी के साथ वांछित कागजात अनुशंसा सहित उपलब्ध कराया जाय।

विश्वासभाजन

(विवेक रंजन मैत्रेय)
निदेशक

ज्ञापांक :– 01 / स्था0–01–43 / 2026...197 पटना, दिनांक–09/10/2026

प्रतिलिपि :– आई0टी0 मैनेजर, खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक

srj. dir. 391